**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2074**
**14 मार्च, 2023 को उत्तरार्थ**

**विषय: प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान**

**2074.श्री रंजीतसिंह नाईक निम्बालकर:**
**श्री सुनील कुमार सिंह:**
**श्री अरूण साव:**
**श्री दिलीप शइकीया:**
**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:**
**श्री देवजी पटेल:**

**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार द्वारा देश में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) का कार्यान्वयन किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना की मुख्य विशेषताएं और उदेश्य क्या हैं;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत झारखंड के चतरा, लातेहार और पलामू जिलों, महाराष्ट्र के सतारा, सोलापुर और लातूर जिलों, छत्तीसगढ़ के विलासपुर, मंगुली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिलों, राजस्थान के जालौर और सिरोही जिलों सहित कृषि उत्पादों से आय के लिए खोले गए केन्द्रों का जिला-वार/स्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत खरीदी गई फसलों का ब्यौरा क्या है और किसानों को मात्रा/फसल/जिला-वार कितनी राशि का भुगतान किया गया है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

**(क) और (ख):** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) एक अम्ब्रेला योजना है जिसमें मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस), मूल्य की कमी भुगतान योजना (पीडीपीएस) और निजी खरीद एवं स्टॉकिस्ट योजना (पीपीएसएस) शामिल हैं ताकि किसानों को अधिसूचित तिलहनों, दलहनों और खोपरा के उनके उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) उत्पादों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। इन स्कीमों को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अनुरोध पर क्रियान्वित किया जाता है जब इन वस्तुओं का बाजार मूल्य अधिसूचित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम हो जाता है। पीएसएस को उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) के दलहन, तिलहन और खोपरा की खरीद के लिए क्रियान्वित किया जाता है। पीडीपीएस अधिसूचित तिलहन फसलों के लिए क्रियान्वित किया जाता है। तथापि, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पास पूरे राज्य के लिए किसी विशेष तिलहन फसल के संबंध में किसी दिए गए खरीद मौसम में पीएसएस या पीडीपीएस में से किसी एक को चुनने का विकल्प हैं। पीडीपीएस में कोई वास्तविक खरीद शामिल नहीं है, लेकिन पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से अधिसूचित बाजार यार्ड में निर्धारित अवधि के भीतर निर्धारित एफएक्यू मानदंडों के तिलहन फसलों को बेचने वाले पूर्व-पंजीकृत किसानों को एमएसपी और

बिक्री/मॉडल मूल्य के बीच अंतर के सीधे भुगतान की परिकल्पना की गई है। इसके अलावा, पीपीएसएस को पायलट आधार पर तिलहनों के लिए भी क्रियान्वित किया जाता है और राज्यों के पास चयनित निजी एजेंसियों की भागीदारी को शामिल करते हुए जिले के जिला/चयनित एपीएमसी में पीपीएसएस के क्रियान्वयन का विकल्प होता है।

**(ग) और (घ)**: खरीफ और **रबी 2022-23 मौसम के दौरान** पीएसएस के अंतर्गत खरीद केन्द्रों, खरीदी गई फसलों और किसानों को भुगतान किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

**अनुबंध-I**

| वस्तु | राज्य | जिला | खरीदी केंद्रों की संख्या | खरीदी गई मात्रा (एमटी में) | एमएसपी मूल्य (लाख रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **खरीफ 2022-23** | | | | | |
| मूँग | कर्नाटक | बागलकोट | 1 | 22.95 | 17.80 |
| | | बेलगावी | 6 | 1444.27 | 1120.03 |
| | | बीदर | 2 | 28.90 | 22.41 |
| | | धारवाड़ | 17 | 6874.52 | 5331.19 |
| | | गडग | 45 | 15273.90 | 11844.91 |
| | | कोप्पल | 2 | 1664.150 | 1290.55 |
| | | **योग** | **73** | **25308.69** | **19626.89** |
| | तेलंगाना | खम्माम | 1 | 58.35 | 45.25 |
| | | **योग** | **1** | **58.35** | **45.25** |
| | हरियाणा | चरखी दादरी | 1 | 7.00 | 5.43 |
| | | हिसार | 1 | 793.00 | 614.97 |
| | | **योग** | **2** | **800.00** | **620.40** |
| | राजस्थान | अजमेर | 10 | 3761.41 | 2916.98 |
| | | बाड़मेर | 4 | 327.35 | 253.86 |
| | | भीलवाड़ा | 1 | 114.15 | 88.52 |
| | | बीकानेर | 3 | 665.40 | 516.02 |
| | | चूरू | 9 | 12006.58 | 9311.10 |
| | | हनुमानगढ़ | 7 | 495.60 | 384.34 |
| | | जयपुर | 5 | 1922.15 | 1490.63 |
| | | जैसलमेर | 7 | 1085.95 | 842.15 |
| | | जालोर | 3 | 1765.16 | 1368.88 |
| | | झुंझुनू | 8 | 1469.80 | 1139.83 |
| | | जोधपुर | 14 | 11519.30 | 8933.22 |
| | | नागौर | 17 | 47375.95 | 36740.05 |
| | | पाली | 7 | 3759.50 | 2915.49 |
| | | सीकर | 10 | 3650.90 | 2831.27 |
| | | श्री गंगानगर | 27 | 2212.14 | 1715.52 |
| | | टोंक | 14 | 1572.10 | 1219.16 |
| | | **योग** | **146** | **93,703.44** | **72,667.02** |
| | गुजरात | देवभूमि द्वारका | 1 | 21.80 | 16.91 |
| | | गिर सोमनाथ | 1 | 2.15 | 1.67 |
| | | राजकोट | 1 | 6.65 | 5.16 |
| | | **योग** | **3** | **30.60** | **23.74** |
| | महाराष्ट्र | अहमदनगर | 2 | 81.50 | 63.20 |
| | | बीड | 1 | 102.40 | 79.41 |
| | | **योग** | **3** | **183.90** | **142.61** |
| | | **सकल योग** | **228** | **120084.99** | **93125.91** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उड़द | राजस्थान | टोंक | 1 | 0.65 | 0.43 |
| | | **योग** | **1** | **0.65** | **0.43** |
| | महाराष्ट्र | अहमदनगर | 2 | 35.80 | 23.63 |
| | | **योग** | **2** | **35.80** | **23.63** |
| | | **सकल योग** | **3** | **36.45** | **24.06** |
| मूँगफली | राजस्थान | भीलवाड़ा | 1 | 184.87 | 108.15 |
| | | बीकानेर | 1 | 135.94 | 79.52 |
| | | चित्तौड़गढ़ | 1 | 609.81 | 356.74 |
| | | हनुमानगढ़ | 1 | 4.97 | 2.91 |
| | | झुंझुनू | 2 | 8.26 | 4.83 |
| | | नागौर | 3 | 68.88 | 40.29 |
| | | **योग** | **9** | **1,012.72** | **592.44** |
| | उत्तर प्रदेश | झांसी | 9 | 4975.22 | 2910.50 |
| | | ललितपुर | 1 | 267.25 | 156.34 |
| | | महोबा | 1 | 76.13 | 44.54 |
| | | चित्रकूट | 2 | 745.82 | 436.30 |
| | | **योग** | **13** | **6064.42** | **3547.68** |
| | | **सकल योग** | **22** | **7077.14** | **4140.12** |
| **रबी 2022-23** | | | | | |
| चना | तेलंगाना | रंगा रेड्डी | 1 | 25.90 | 13.82 |
| | | विकाराबाद | 1 | 273.00 | 145.65 |
| | | आदिलाबाद | 8 | 379.65 | 202.54 |
| | | गडवाल | 7 | 1718.10 | 916.61 |
| | | निजामाबाद | 11 | 4363.61 | 2327.98 |
| | | कामारेड्डी | 14 | 4953.20 | 2642.53 |
| | | सांगा रेड्डी | 3 | 424.20 | 226.31 |
| | | निर्मल | 4 | 3167.00 | 1689.59 |
| | | जगित्याल | 2 | 50.00 | 26.68 |
| | | **योग** | **51** | **15354.66** | **8191.71** |
| | कर्नाटक | बेलगावी | 1 | 114.50 | 61.09 |
| | | बीदर | 2 | 34.65 | 18.49 |
| | | धारवार्ड | 4 | 9.20 | 4.91 |
| | | गडग | 1 | 2.45 | 1.31 |
| | | विजयपुरा | 2 | 42.75 | 22.81 |
| | | **योग** | **10** | **203.55** | **108.61** |
| | आंध्र प्रदेश | वाईएसआर कडपा | 139 | 6745.15 | 3598.54 |
| | | अनंतपुर | 3 | 37.10 | 19.79 |
| | | कुरनूल | 52 | 3362.70 | 1794.00 |
| | | प्रकाशम | 19 | 399.20 | 212.97 |
| | | नंदयाल | 39 | 1895.20 | 1011.09 |
| | | **योग** | **252** | **12,439.35** | **6,636.39** |
| | **सकल योग** | | **313** | **27,997.56** | **14,936.70** |
| बॉल कोपरा | कर्नाटक | मांड्या | 2 | 2.60 | 3.06 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | तुमकुर | 5 | 500.48 | 588.06 |
| | | **योग** | **7** | **503.08** | **591.12** |
| | **सकल योग** | | **7** | **503.08** | **591.12** |
| सूरजमुखी | तेलंगाना | सिद्दीपेट | 2 | 84.70 | 54.21 |
| | **सकल योग** | | **2** | **84.70** | **54.21** |

*****